वीयू – मत्स्य पलकों को आत्मनिर्भर बनाने हेतु दिया जलशाला बनाने का प्रशिक्षण

नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति डॉ. मंदीप शर्मा के कुशल मार्गदर्शन एवं विश्वविद्यालय विस्तार शिक्षण के संचालक तथा मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय, जबलपुर अधिष्ठाता डॉ. शशिकांत महाजन के नेतृत्व में भारतीय कृषि अनुसन्धान परिषद् नई दिल्ली द्वारा वित्त पोषित अनुसूचित जाति उपयोजना के तहत दिनांक 7 मार्च 2025 को मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय द्वारा ग्राम कालादेही जबलपुर, में महाविद्यालय की विस्तार सेवाओं के अंतर्गत जलशाला निर्माण एवं प्रबंधन विषय पर प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही इसी विषय पर तैयार पम्पलेट का विमोचन भी किया गया, आदरणीय सरपंच महोदया श्रीमती ओमबती भूमिया सरपंच महोदय सहित ग्राम वासियों को कौशल एवं प्रशिक्षण माध्यम से आर्थिक रूप से सशक्त सशक्त एवं संबल बनाने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम का संचालन और संयोजन समन्वयक डॉ. सोना दुबे द्वारा किया गया। इस दौरान श्री प्रतीक कुमार तिवारी, अनिल केवट, दिलजीत सिंह, सुरभि साहू, नीना चौहान, सोनल चौरसिया, रामकलेश यादव, एवं शैलेन्द्र दाहिया का सराहनीय योगदान रहा। कार्यक्रम में डॉ. रुचि सिंह, डॉ. गिर्राज गोयल, डॉ. बबिता दास आदि उपस्थित रहे।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि., जबपलरु